**MODEL QUESTION PAPER FOR FIRST SEMESTER EXAMINATION 2024**

**Class – IX**

**Time -3Hrs** **Subject – Hindi** **Marks – 80**

**सूचनाएँ:**

**(i)** सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

**( iii )** दायीं ओर दर्शाए हुए अंक प्रश्न के लिए निर्धारित अंक हैं।

निम्नलिखित गद्य-खंड के आधार पर उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर विकल्पों में से चुनिए। **(प्र.क्र. 1, 2, 3 और 4)**

सात बजते-बजते माँ का दिल धक्-धक् करने लगा। अगर चीफ सामने आ गया और उसने कुछ पुछा, तो वे क्या जवाब देगी? अंग्रेज़ को तो दूर से ही देखकर वे घबरा उठती थी, यह तो अमरीकी है। न मालूम क्या पूछे? मैं क्या कहूँगी? माँ का जी चाहा कि चुपचाप पिछवाड़े विधवा सहेली के घर चली जाएँ। मगर बेटे के हुक्म को कैसे टाल सकती थीं। चुपचाप कुर्सी पर से टाँगे लटकाए वही बैठी रहीं।

1. 'दिल धक्-धक् करने लगा' इस मुहावरे का उचित अर्थ चुनिए। 1

(A) दुख होना

(B) दिल में दर्द होना

(C) घबराना

(D) दिल टूटना

2. चीफ किस देश के रहनेवाले थे? 1

(A) अमरीका

(B) इग्लंड

(C) चीन

(D) जापान

3. ‘हुक्म’ शब्द का उचित अर्थ चुनिए। 1

(A) समझाना

(B) हिदायत

(C) आदेश

(D) इकरार

4. ‘चुपचाप‘ इस अव्यय शब्द का भेद चुनिए। 1

(A) क्रियाविशेषण अव्यय

(B) संबंधसूचक अव्यय

(C) समुच्चयबोधक अव्यय

(D) विस्मयादिबोधक अव्यय

निम्नलिखित पद्य-खंड के आधार पर उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर विकल्पों में से चुनिए। **(प्र.क्र. 5, 6, 7 और 8)**

मुझे पर्याप्त है,
मेरे गाँव की मिट्टी ही
मेरे खेत की मिट्टी से जन्मा
ईश्वर ही
मुझे हर जगह मिलता है
मेरी आराधना के समय।

5. कवि के ईश्वर का जन्म कहाँ हुआ है? 1

(A) कवि के खेत की मिट्टी में

(B) अंधकारमय गर्भगृह में

(C) मंदिर में

(D) महल में

6. ‘आराधना’ शब्द का अर्थ विकल्पों में से चुनिए। 1

(A) स्तुति

(B) स्वरुप

(C) पूजा

(D) निर्माण

7. 'पर्याप्त' शब्द का विलोम शब्द विकल्पों में से चुनिए। 1

(A) अपर्याप्त

(B) नपर्याप्त

(C) अनुपर्याप्त

(D) सपर्याप्त

8. उपर्युक्त पद्यखंड जिस कविता से लिया गया है उस कवि के नाम का सही विकल्प चुनिए। 1

(A) अयोध्यासिंह उपाध्याय

(B) डॉ.मनोहर राय सरदेसाय

(C) नागार्जुन

(D) सुभद्रा कुमारी चौहान

**नीचे दिए प्रश्नों के लिए निर्देशानुसार सही विकल्प चुनिए।**
**(प्र.क्र. 9 से 18 तक)**

9. म्+अ+ह्+अ+ल्+अ इस वर्ण-विच्छेद के लिए सही शब्द चुनिए। 1

(A) महाल

(B) माहल

(C) महल

(D) महेल

10. 'परिवार' शब्द का सही वर्ण-विच्छेद चुनिए। 1

(A) प्+अ+र्+इ+व्+आ+र्+अ

(B) प्+आ+र्+इ+व्+आ+र्+अ

(C) प्+अ+र्+इ+व्+अ+र्+अ

(D) प्+अ+र्+इ+व्+आ+र्+इ

11. 'इलाका' इस शब्द का पर्यायवाची शब्द चुनिए। 1

(A) जगह

(B) मुहल्ला

(C) क्षेत्र

(D) गाँव

12. ‘अनायास’ इस शब्द का पर्यायवाची शब्द चुनिए। 1

(A) सहज

(B) अचानक

(C) धीरे से

(D) आश्चर्य से

13. ‘हार’ इस शब्द का विलोमार्थी शब्द चुनिए। 1

(A) जीत

(B) हारना

(C) पराजय

(D) जय

14. ‘आदर’ इस शब्द का विलोमार्थी शब्द चुनिए। 1

(A) अवनादर

(B) अवमान

(C) अनादर

(D) आदरनीय

15. क्या कल सुबह आप जा रहे हैं? (वाक्य का प्रकार चुनिए) 1

(A) विधानवाचक वाक्य

(B) प्रश्नवाचक वाक्य

(C) निषेधवाचक वाक्य

(D) आज्ञावाचक वाक्य

16. पिताजी के साथ अजय नहीं जाएगा। (विधानवाचक वाक्य में बदलिए) 1

(A) शायद पिताजी के साथ अजय जाएगा।

(B) क्या अजय पिताजी के साथ जाएगा?

(C) पिताजी के साथ अजय जाएगा।

(D) अजय, पिताजी के साथ मत जाओ।

17. वे सरकारी नौकरी करते हैं। (वाक्य का अपूर्ण वर्तमानकाल भेद चुनिए) 1

(A) वे सरकारी नौकरी करेंगे।

(B) वे सरकारी नौकरी कर रहे हैं।

(C) उन्होंने सरकारी नौकरी की हैं।

(D) वे सरकारी नौकरी करनेवाले हैं।

18. घर की दीवारें गिर गई हैं। (काल का भेद चुनिए) 1

(A) सामान्य वर्तमानकाल

(B) अपूर्ण वर्तमानकाल

(C) पूर्ण वर्तमानकाल

(D) पूर्ण भूतकाल

**निम्नलिखित वाक्यों में से रेखांकित अव्यय शब्दों के भेद विकल्पों में से चुनिए। (प्र.क्र. 19 और 20)**

19. तुम्हें नींद और आराम मिलना चाहिए। 1

(A) क्रियाविशेषण अव्यय

(B) समुच्चयबोधक अव्यय

(C) संबंधबोधक अव्यय

(D) विस्मयादिबोधक अव्यय

20. बगीचे के अंदर माली काम कर रहा है। 1

(A) क्रियाविशेषण अव्यय

(B) समुच्चयबोधक अव्यय

(C) संबंधबोधक अव्यय

(D) विस्मयादिबोधक अव्यय

नीचे दी गई सहायक क्रियाओं के लिए उचित वाक्य विकल्पों में से चुनिए।**(प्र.क्र. 21 और 22)**

21. देना 1

(A) राजू उसे खाना दे सका।

(B) राजू ने उसे खाना दे डाला।

(C) राजू ने पूरा पाठ लिख दिया।

(D) राजू ने पूरा पाठ लिख नहीं दिया है।

22. सकना 1

(A) मोर मैदान पर नाच नहीं सका।

(B) मोर मैदान पर नाच सका।

(C) मोर मैदान पर नाच कर न सका।

(D) मोर मैदान पर नाच सकना।

**निम्नलिखित वाक्यों में से रेखांकित मुहावरों के सही अर्थ विकल्पों में से चुनिए। (प्र.क्र. 23 और 24)**

23. शोर के कारण मेरी पढाई में <u>बाधा आ गई</u>। 1

(A) प्रगति में बाधक बनना

(B) नुकसान होना

(C) संकट आ जाना

(D) रुकावट पैदा होना

24. शेर लोमड़ी को <u>ललकारने लगा</u>। 1

(A) चुनौती देना

(B) चेतावनी देना

(C) उपहास करना

(D) मज़ाक उड़ाना

**निम्नलिखित गद्य-खंड के आधार पर उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर सही विकल्पों में से चुनिए। (प्र.क्र.25 से 34)**

मानव तो जन्मजात ही जिज्ञासा एवं अभिव्यक्ति-प्रधान जीव है। वह संवेदनशील और सामाजिक प्राणी है जो न तो अपने वातावरण के प्रति उपेक्षा का भाव रख सकता है और न ही समाज एवं संसार के परिवर्तनों से आँखें ही मूँद सकता है, वैज्ञानिक युग में इन प्रवृत्तियों को विकसित करनेवाला तथा समाचारों को जानने का सबसे सरल और सस्ता साधन है-समाचार पत्र। शिक्षित वर्ग की तो दिनचर्या तो इसी से आरंभ होती है।

समाचार-पत्रों के इतिहास से यही स्पष्ट होता है कि इसका जन्म सातवीं शताब्दी में चीन में हुआ था। पहला समाचार-पत्र 'पेकिंग गजट' नाम से प्रकाशित हुआ था। भारत में सबसे पहले 1783 ई. में 'बंगाल

गजट' नाम  से समाचार-पत्र प्रकाशित हुआ था। आज तो देश की सभी भाषाओं में समाचार-पत्र प्रकाशित हो रहे हैं।

समाचार-पत्रों का वर्गीकरण विभिन्न प्रकार से किया जा सकता है। कुछ तो समयानुसार जैसे- दैनिक पत्र, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक आदि। विषयानुसार भी विभाजन किया जाता है जैसे-धार्मिक, सामाजिक,साहित्यिक, वैज्ञानिक, राजनैतिक, दार्शनिक, चलचित्र, व्यावसायिक व क्रीड़ा सम्बन्धी। कुछ पत्र पत्रिकाएँ बच्चों, नारी, विद्यार्थी तथा कर्मचारी सम्बन्धी होती हैं। इन सबमें सबसे अधिक लोकप्रिय दैनिक समाचार-पत्र ही हैं। ये सस्ते  होते है और लाखों की संख्या में प्रकाशित किए जाते हैं।

हर समाचार-पत्र का अपना उद्देश्य होता है। समाचार-पत्र के प्रकाशन की प्रक्रिया पत्रकारिता  कहलाती है। समाचार-पत्र किसी भी राष्ट्र की प्रगति अप्रगति के आधार  स्तम्भ हैं। देश के सभी वर्गों में इनका महत्व है। सभी इनके माध्यम से  देश-विदेश के समाचारों से अवगत होते रहते हैं। वह ज्ञानवर्धक के साथ-साथ मनोरंजक भी होता है। समाचार-पत्रों को छापने का कार्य भी इतना विस्तृत हो गया है कि हज़ारों व्यक्ति इन्हीं को बेचकर अपना निर्वाह करते हैं। समाचार-पत्र लोकतंत्र का महत्वपूर्ण अंग है जो लोकतंत्र को निर्देशित/नियंत्रित करके सार्थक बनाता है। एक ओर समाचार-पत्र सरकार के दृष्टिकोण को प्रस्तुत करते हैं तो दूसरी ओर सरकार को भी जनभावनाओं से परिचित कराते हैं। समाचार-पत्र तो समाज के सजग प्रहरी हैं।

25. मानव किससे आँखें नहीं मूँद सकता है? 1

(A) प्रगति और अप्रगति से

(B) असंवेदनशीलता से

(C) समाज एवं संसार के परिवर्तनों से

(D) राजनैतिक दृष्टिकोण से

26. 'विकसित' इस शब्द का विलोम शब्द चुनिए। 1

(A) अविकसित

(B) नविकसित

(C) विकासशील

(D) प्रगतिशील

27. शिक्षित वर्ग की दिनचर्या किससे आरम्भ होती है? 1

(A) योग से

(B) समाचार-पत्र से

(C) व्यायाम से

(D) प्रार्थना से

28. समाचार-पत्र का जन्म किस देश में हुआ था? 1

(A) चीन में

(B) इंग्लैंड में

(C) अमरीका में

(D) जापान में

29. समाचार-पत्रों में सबसे लोकप्रिय प्रकार कौन-सा है? 1

(A) साप्ताहिक पत्र

(B) मासिक पत्र

(C) पाक्षिक पत्र

(D) दैनिक पत्र

30. समाचार-पत्र किसके आधार स्तम्भ है? 1

(A) राष्ट्र के प्रगती-अप्रगति के

(B) जनभावनाओं के

(C) विचारधाराओं के

(D) राजनीति के

31. हज़ारों व्यक्ति अपना निर्वाह कैसे करते हैं? 1

(A) समाचार-पत्रों का संकलन करके

(B) समाचार-पत्रों का संपादन करके

(C) समाचार-पत्रों को बेचकर

(D) समाचार-पत्रों को छापकर

32. समाचार-पत्र सरकार को किससे परिचित कराते है? 1

(A) समाज से

(B) मानव से

(C) जनभावनाओं से

(D) राजनैतिक दलों से

33. 'चेतना' इस शब्द का सही अर्थ विकल्पों में से चुनिए। 1

(A) प्यार

(B) संवेदना

(C) समझ

(D) विचारधारा

34. समाज के सजग प्रहरी किसे कहा गया है? 1

(A) शिक्षित वर्ग को

(B) समाचार-पत्र को

(C) विद्यार्थियों को

(D) वैज्ञानिकों को

**निम्नलिखित गद्य-खंड के आधार पर उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर सही विकल्पों में से चुनिए। (प्र.क्र.35 से 40)**

मनुष्य को संघर्ष के मार्ग में अकेला ही चलना पड़ता है। कोई बाहरी शक्ति सहायता नहीं करती है। परिश्रम, दृढ़ इच्छा शक्ति व लगन

आदि मानवीय गुण व्यक्ति को संघर्ष करने और जीवन में सफलता प्राप्त करने का मार्ग प्रशस्त करते हैं। दो महत्त्वपूर्ण तथ्य स्मरणीय है - प्रत्येक समस्या अपने साथ संघर्ष लेकर आती है। प्रत्येक संघर्ष के गर्भ में विजय निहित रहती है।

एक अध्यापक ने स्कूल छोड़ने वाले अपने छात्रों को यह संदेश दिया था तुम्हें जीवन में सफल होने के लिए समस्याओं से संघर्ष करने को अभ्यास करना होगा। हम कोई भी कार्य करें, सर्वोच्च शिखर पर पहुँचने का संकल्प लेकर चलें। सफलता हमें कभी निराश नहीं करेगी।

समस्त ग्रंथों और महापुरुषों के अनुभवों का निष्कर्ष यह है कि संघर्ष से डरना अथवा उससे विमुख होना अहितकर है, मानव धर्म के प्रतिकूल है और अपने विकास को अनावश्यक रूप से बाधित करना है। आप जागिए, उठिए संकल्प और उत्साह एवं साहस के साथ संघर्ष रूपी विजय रथ पर चढ़िए और अपने जीवन के विकास की बाधाओं रूपी शत्रुओं पर विजय प्राप्त कीजिए।

प्रश्न

35. मनुष्य को संघर्ष करने और जीवन में सफलता प्राप्त करने का मार्ग प्रशस्त करते हैं ------------- 1

(A) निर्भीकता, साहस, परिश्रम

(B) परिश्रम, लगन, आत्मविश्वास

(C) साहस, दृढ़ इच्छाशक्ति, परिश्रम

(D) परिश्रम, दृढ़ इच्छा शक्ति व लगन

36. प्रत्येक समस्या अपने साथ लेकर आती है------ 1

(A) संघर्ष

(B) कठिनाइयाँ

(C) चुनौतियाँ

(D) सुखद परिणाम

37. समस्त ग्रंथों और महापुरुषों के अनुभवों का निष्कर्ष है कि संघर्ष से डरना या विमुख होना -------------- 1

(A) मनुष्य के लिए अहितकर है।

(B) मानव-धर्म के अनुकूल है।

(C) जीवन में विकास लाता है।

(D) मनुष्य को सफल बनाता है।

38. जीवन में सफल होने के लिए समस्याओं से ---------- 1

(A) डर कर भागना होगा।

(B) संघर्ष करने का अभ्यास करना होगा।

(C) लड़ाई करनी होगी।

(D) संघर्ष करने के बारे में सोचना होगा।

39. 'प्रतिज्ञा' इस शब्द के लिए ऊपर दिए गद्य-खंड से पर्यायवाची शब्द विकल्पों में से चुनिए। 1

(A) निष्कर्ष

(B) संघर्ष

(C) संकल्प

(D) प्रशस्त

40. संघर्ष रूपी विजय रथ पर चढ़ने के लिए आवश्यक है ------- 1

(A) दृढ़ संकल्प, निडरता और धैर्य

(B) दृढ़ संकल्प, उत्साह एवं साहस

(C) दृढ़ संकल्प, आत्मविश्वास और साहस

(D) दृढ़ संकल्प, उत्तम चरित्र एवं साहस

निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिए।प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दस-पंद्रह शब्दों में लिखिए। 6

41 पेड़ ने तिनके को क्या आश्वासन दिया?

42 हामिद क्यों खुश था?

42 जख्मी गिल्लू के लिए महादेवी जी ने कौन-से उपचार किए?

44 शामनाथ की पढ़ाई पूरी करने के लिए माँ को क्या करना पड़ा?

निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए।प्रत्येक प्रश्न का उत्तर चालीस-पचास शब्दों में लिखिए। 8

45 ‘ईदगाह’ इस पाठ के द्वारा नन्हें हामिद से हमें क्या सीख मिलती है?

46 पेड़ ने तूफान की धमकी का क्या उत्तर दिया?

47 लेखिका को गिल्लू किस अवस्था में मिला?

निम्नलिखित प्रश्नों में से दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए।प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दस-बारह शब्दों में लिखिए। 4

48 ‘रहीमदास जी’ के अनुसार समुद्र की महिमा क्यों घट गई?

49 कवि अयोध्यासिंह उपाध्याय के अनुसार घर छोड़ते समय लोग क्या करते है?

50 वीर का मान कब बढ़ जाता है?

निम्नलिखित प्रश्नों में से दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए।प्रत्येक प्रश्न का उत्तर पच्चीस-तीस शब्दों में लिखिए। 6

51 ‘रहीमदास’ के अनुसार थोड़े दिनों की विपदा ‘भली’ क्यों है?

52 एक बूँद देव से कौन-से प्रश्न पूछती है?

53 कवयित्री ने रानी लक्ष्मीबाई की समाधि को स्मृतिशाला क्यों कहा है?

54. निम्नलिखित सूचनाओं के अनुसार पत्र का प्रारूप तैयार कीजिए। 5

विनय/विनया केणी, अडवलपाल, अस्नोडा-गोवा से पहली बार कक्षा में अव्वल आने के बाद अपने अनुभव बताते हुए बड़ी बहन को पत्र लिखता/लिखती है।

55 निम्नलिखित अधूरी कहानी तीस-चालीस शब्दों में पूरी करके उसे उचित शीर्षक तथा सीख भी लिखिए। 5

एक था राजा। नाम था विरसेन। वह बहुत बड़ा वीर था। अपनी प्रजा से बहुत प्यार करता था। प्रजा के दुख को राजा अपना ही दर्द समझता था। प्रजा भी राजा से बहुत प्यार करती और उनकी इज्जत करती थी।

विरसेन प्रतिदिन टहलने जाया करते थे। एक दिन उन्हें रास्ते में एक बूढ़ा मिला। टहलने के बाद राजमहल में वापस आने पर राजा को एक अशुभ समाचार मिला। राजा ने सोचा आज उस बूढ़े का मुँह देखने से ही मुझे अशुभ समाचार मिला है। राजा को बूढ़े पर गुस्सा आ गया---------

56 निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर 100-150 शब्दों में निबंध लिखिए। 6

(A) बस स्थानक पर एक घंटा

(B) आत्मनिर्भर भारत

(C) ऑनलाइन शिक्षा- लाभ और हानि

(D) वर्षा ऋतु में सैर